# //प्रेस-विज्ञप्ति//

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 01 नक्सली ढेर व बीजीएल एवं सिंगल सॉट कुल 03 नग हथियार बरामद।

- जिला गरियाबंद के थाना इंदागांव क्षेत्रान्तर्गत कांडसर-नागेश के मध्य जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़।
- इंदागांव एरिया कमेटी के नक्सली सदस्यों की उपस्थिति की आसूचना पर ई-30 गरियाबंद, एसओजी जिला नुआपाडा (ओडिसा) एवं 65/211 बटा. सीआरपीएफ जिला गरियाबंद की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु थे रवाना।
- अभियान के दौरान दिनांक 03.01.2025 के लगभग 11.10 बजे कांडसर-नागेश के मध्य जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई।
- पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 01 पुरूष नक्सली के शव एवं बीजीएल एवं सिंगल सॉट कुल 03 नग हथियार तथा अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है ।
- मारे गये नक्सलियों के विरूद्ध विभिन्न थानों में कई संगीन अपराधिक मामले दर्ज है।
- उक्त मुठभेड़ में ई-30 गरियाबंद, एसओजी जिला नुआपाडा (ओडिसा) एवं 65/211 बटा. सीआरपीएफ जिला गरियाबंद की संयुक्त कार्यवाही।



जिला गरियाबंद में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में जिला गरियाबंद के थाना इंदागांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कांडसर के आस-पास क्षेत्र में **इंदागांव एरिया कमेटी** के नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर जिला बल ई- 30 गरियाबंद, एसओजी जिला नुआपाडा (ओडिसा) एवं 65/211 बटा. सीआरपीएफ जिला गरियाबंद की संयुक्त पार्टी सूचना स्थल की ओर नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान दिनांक 03.01.2025 के लगभग 11:10 बजे कांडसर-नागेश के

मध्य जंगल पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के नीयत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे सुरक्षाबलों द्वारा भी यथा-स्थान पर पोजिशन लेकर आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही मे फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्यवाही से सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व नक्सली अपने आपको घिरता हुआ देखकर जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग खड़े हुए, मुठभेड़ लगभग 02 घण्टें तक चली। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल व आस-पास की एरिया में सर्चिंग करने पर **01 पुरूष नक्सली के शव व बीजीएल एवं सिंगल सॉट कुल 03 नग हथियार व अन्य भारी मात्रा में नक्सल सामग्री** किया गया। मारे गये नक्सलियों का शव व बरामद सामाग्रियों को जिला मुख्यालय वापसी उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## दिनांक 03.01.2025 को मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की शिनाख्तगी

| क्र. | मारे गये नक्सलियों का नाम | नक्सल संगठन में पद | घोषित ईनाम | फोटोग्राफ्स |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रोशन | इंदागांव एरिया कमेटी सदस्य | ईनाम 05 लाख |  |